शेखावाटी हेरिटेज मीट से शुरु होंगे, प्रवासी राजस्थान दिवस के कार्यक्रम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 8 से 10 दिसम्बर के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 दिसम्बर को खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में शेखावाटी हेरिटेज मीट का आयोजन होगा, 9 दिसम्बर को जयपुर में सांस्कृतिक संध्या तथा 10 दिसम्बर का प्रवासी राजस्थानी दिवस का मुख्य कार्यक्रम जेईसीसी में आयोजित होगा।

जयपुर, 14 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भागीदार हैं और प्रवासी राजस्थानी दिवस प्रदेश के प्रवासी राजस्थानियों के लिए अपनी जन्मभूमि से जुड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और निवेश की संभावनाओं से परिचित कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

उन्होंने कहा कि शेखावाटी की हवेलियां राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध कला-संस्कृति और स्थापत्य की पहचान हैं, इन्हें वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रवासी राजस्थानी दिवस के तहत आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 8 दिसम्बर को झुंझुनूं के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में "शेखावाटी हेरिटेज मीट" आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीकर, झुंझुनूं और चूरू के प्रमुख प्रवासी राजस्थानियों, उद्योगपतियों और हवेली मालिकों को आयोजन से जोड़ने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट के बाद 9 दिसम्बर को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसके बाद, दस दिसम्बर को जयपुर के जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा सहित, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

एयर इंडिया की जयपुर -दिल्ली फ्लाइट रद्द

- तकनीकी खराबी के कारण बोर्डिंग के बाद यात्रियों को विमान से उतारा।

जयपुर, 14 नवम्बर। जयपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर-दिल्ली फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते रद्द करनी पड़ी। फ्लाइट संख्या आईएक्स-1370 में उड़ान से ठीक पहले तकनीकी समस्या सामने आई। उस समय विमान में यात्रियों की बोर्डिंग पूरी हो चुकी थी और उड़ान की तैयारी चल रही थी।

तकनीकी खामी का पता चलते ही विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को विमान से उतारकर वापस टर्मिनल भेज दिया गया। विमान की तकनीकी जांच की गई, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद खराबी दूर नहीं हो सकी। ऐसे में एयरलाइन ने उडान रद्द करने का फैसला लिया और विमान को तकनीकी रूप से ग्राउंडेड घोषित कर दिया।

फ्लाइट रद्द होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन की ओर से यात्रियों को वैकल्पिक साधनों से दिल्ली भेजने का प्रस्ताव दिया जा रहा है। साथ ही टिकट का रिफंड उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है।

पारिवारिक विवाद में फंसा अमिताभ बच्चन का बंगला "जलसा"

उनके भाई की पत्नी रामोला बच्चन ने जलसा के स्वामित्व पर अपना दावा ठोका

- विवाद का कारण यह है कि इस संपत्ति के दो जगह अलग-अलग रिकॉर्ड हैं। कपोल हाउसिंग सोसायटी में इसकी मालिक जया बच्चन हैं पर महाराष्ट्र सरकार के प्रॉपर्टी कार्ड में रामोला बच्चन का नाम है।

मुंबई, नई दिल्ली, 14 नवंबर। अमिताभ बच्चन का जुहू स्थित बंगला "जलसा" एक पारिवारिक विवाद को लेकर चर्चा में आ गया है। इस आलीशान बंगले के मालिकाना हक को लेकर परिवार के भीतर विवाद शुरू हो गया है।

अमिताभ बच्चन की अनुज वधू (छोटे भाई अजिताभ बच्चन की पत्नी) रामोला बच्चन ने जलसा के स्वामित्व को चुनौती देते हुए इस पर अपना दावा ठोंक दिया है। उन्होंने वर्ष 1993 में किए गए उस गिफ्ट डीड (दानपत्र) की वैधता पर सवाल उठाए हैं, जिसके जरिये बंगले का मालिकाना हक जया बच्चन के नाम हस्तांतरित किया गया था।

रामोला का आरोप है कि यह संपत्ति मूल रूप से उनके नाम पर दर्ज थी। इसके बावजूद उनकी जानकारी और सहमति के बिना इसे जया बच्चन के नाम कर दिया गया। उनका कहना है कि संपत्ति हस्तांतरण के लिए तैयार किए गए दस्तावेज में जरूरी कानूनी औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया। उन्होंने इस पूरे लेन-देन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

इस विवाद का सबसे अहम पहलू संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े दो अलग-अलग रिकॉर्ड हैं। मुंबई की कपोल हाउसिंग सोसायटी के रिकॉर्ड में जलसा की मालकिन जया बच्चन को बताया गया है, जबकि महाराष्ट्र सरकार के प्रॉपर्टी कार्ड में अब भी रामोला बच्चन का नाम दर्ज है। बताया जाता है कि सरकारी रिकॉर्ड में रामोला का नाम हटाकर जया बच्चन का नाम दर्ज कराने की कोशिश के दौरान, यह पुराना विवाद फिर सामने आया। इसी के बाद रामोला ने अपनी आपत्तियां अधिकारियों के समक्ष रखीं।

भारत भी चाहता है पूर्व प्र.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, इन शर्तों का उद्देश्य अवामी लीग प्रमुख की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें न्याय मिलने की गारंटी देना है।

तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने न तो बीबीसी बांग्ला की इस रिपोर्ट की पुष्टि की है और न ही इस पर कोई प्रतिक्रिया दी है। सरकार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आने पर इस खबर को अपडेट किया जाएगा।

इस बीच, शुक्रवार (13 नवंबर) को पत्रकारों द्वारा सवाल पूछने पर, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रिपोर्ट की सत्यता पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

मृत अफसर के आश्रित बेटे को अनुकंपा नियुक्ति क्यों नहीं दी'

- हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव व निदेशक माध्यमिक शिक्षा से जवाब मांगा।

जयपुर, 14 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने, शिक्षा विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे मृत अफसर के आश्रित बेटे को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर, प्रमुख शिक्षा सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, संयुक्त शिक्षा निदेशक से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश अमिश गौतम की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता के पिता का शिक्षा विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद तैनात थे। इस दौरान जनवरी 2020 में उनका देहांत हो गया था। याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का आवेदन किया, लेकिन उसे अवयस्क होने के चलते नियुक्ति नहीं दी गई। वयस्क होने पर उसने अगस्त 2024 में आवेदन किया तो विभाग ने उसका अनुकंपा नियुक्ति का क्लेम यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अनुकंपा नियुक्ति तत्काल संबल देने के लिए होती है और उसने देरी से आवेदन किया है।

सोनिया गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

माहौल पैदा कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने।

यह पुस्तक, जो मुख्य रूप से इटली के एक छोटे से शहर से लेकर नई दिल्ली की सत्ता की राजनीति तक सोनिया गांधी के निजी सफर पर केन्द्रित है, असल में उनके उस अपनापन को पाने की कोशिश है, जो उन्हें जीवनभर नहीं मिल पाया।

किताब में उनके राजनीतिक फैसलों या इतने सालों के उनके राजनीतिक अनुभवों को लेकर कोई बड़ा राजनीतिक हंगामा या विवाद नहीं खड़ा किया गया है।

इसका ध्यान राजनीति पर नहीं, बल्कि उनकी व्यक्तिगत यात्रा और भारत के लोगों के बीच स्वीकार किए जाने की उनकी गहरी इच्छा पर केन्द्रित है।

इसीलिए इस पुस्तक का शीर्षक 'बिलॉन्गिंग' (अपनापन) रखा गया है!

चीन ने दूषित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में इस्तेमाल होने वाले कोयले के बॉयलर प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह थे। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार, कोयले से चलने वाले हीटरों पर प्रतिबंध लगाना जरूरी था। उनकी जगह स्वच्छ ईंधन और बिजली का इस्तेमाल शुरू किया गया। इसके अलावा, कई कारखाने बंद कर दिए गए या उन्हें दूसरे उद्योगों में परिवर्तित कर दिया गया।

दूसरा, क्षेत्रीय स्तर पर भी नियम लागू किए गए। बीजिंग ने धुंध और प्रदूषण से निपटने के लिए तियानजिन शहर और हेबेई प्रांत के साथ मिलकर काम किया, क्योंकि "स्मॉग" नगरपालिकाओं की सीमाओं को नहीं मानता।

तीसरा, परिवहन व्यवस्था में सुधार किया गया। वाहनों की जांच की गई और पुरानी गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाई गई। इसके साथ ही मेट्रो का नया नेटवर्क बनाया गया और कम दूरी की यात्राओं के लिए बाइक शेयरिंग की नई व्यवस्था शुरू की गई।

अंत में, धूल पर नियंत्रण के लिए उचित उपाय किए गए और निर्माण स्थलों पर धूल को दबाने (कम करने) की तकनीकों का इस्तेमाल शुरू हुआ।

चीन ने वाहनों से निकलने वाले धुएं और प्रदूषण को लेकर कड़े नियम लागू किए हैं, पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले पुराने वाहनों पर रोक लगाई है, बीजिंग की मेट्रो प्रणाली को बेहतर बनाया है, तथा बाइक-शेयरिंग की सुविधाओं के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करके स्थानीय लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया है। सरकार ने निर्माण स्थलों पर धूल फैलने से रोकने के लिए कड़े नियम लागू किए हैं, शहर में "ग्रीन जोन" (हरित क्षेत्र) का विस्तार किया गया है और आसपास के पर्यावरण को फिर से बहाल किया है।

राहुल गांधी ने गिग वर्कर्स की बाइक रैली में भाग लिया

- इसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद थे।

हैदराबाद, 14 नवंबर। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स की बाइक रैली में शामिल हुए।

यह रैली तेलंगाना गिग वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजना के शुभारंभ से पहले निकाली गई। इसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

रैली शिल्पारामम सभागार से शुरू होकर शहर के आईटी कॉरिडोर स्थित माधापुर के जयभेरी ग्राउंड में समाप्त हुई। इस दौरान राहुल गांधी बाइक पर पीछे बैठे नजर आए और गिग वर्कर्स के साथ रैली में शामिल हुए।

योजना के शुभारंभ के अवसर पर गिग वर्कर्स को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार उनकी समस्याओं और चिंताओं को दूर करने के अपने वादे को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा, "तेलंगाना के गिग वर्कर्स के साथ मेरी एक बैठक हुई थी। उस दौरान आपने अपना दुख और दर्द साझा किया था।

अमेरिका में हवाई यातायात सामान्य होने में समय लगेगा

वाशिंगटन, 14 नवंबर। अमेरिका में कई घंटे तक वाणिज्यिक हवाई यातायात ठप रहने के बाद, उड़ानों का संचालन सामान्य होने में अभी समय लग सकता है। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने यात्रियों को भरोसा दिलाया है कि विमान से यात्रा करना सुरक्षित है, लेकिन आगाह किया कि एयरलाइंस के उड़ानों का नया कार्यक्रम तैयार करने और विमानों तथा चालक दल को दोबारा तैनात करने के दौरान देरी और उड़ानें रद्द होने की स्थिति बनी रह सकती

- कई घंटे चले ग्राउन्ड स्टॉप के कारण अमेरिकी हवाई यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित ठप हो गई थी व हजारों यात्री हवाई अड्डों पर फंस गये थे।

है। उनका यह बयान देशभर में वाणिज्यिक उड़ानों पर लगाए गए असामान्य प्रतिबंध के करीब 12 घंटे बाद आया। कई घंटे तक चले इस ग्राउंड स्टॉप के कारण अमेरिकी हवाई यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई और हजारों यात्री विभिन्न हवाई अड्डों पर फंस गए। परिवहन मंत्री ने यात्रियों से उड़ानों की ताजा स्थिति की जानकारी एयरलाइंस से लेते रहने की अपील की। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उड़ानों का परिचालन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बावजूद देरी और रद्द होने की समस्या तत्काल खत्म होने की उम्मीद नहीं है।

पंजाब में तीर्थयात्रियों से भरी दो बसें टकराईं, 4 की मौत

- मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बस नियंत्रण खोकर डिवाइडर पार कर दूसरी बस से टकराई

तरनतारन, 14 नवंबर। पंजाब के तरनतारन जिले में शनिवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-54 पर नौशहरा पन्नूआं के पास तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए अमृतसर भेजा गया है। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। दोनों बसें पंजाब सरकार की तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थीं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा शनिवार शाम करीब चार बजे हुआ। एक बस फिरोजपुर से श्रद्धालुओं को लेकर अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब के दर्शन करवाने गई थी और वापस लौट रही थी। इस बस में 37 श्रद्धालु सवार थे। वहीं, दूसरी बस हरिके से करीब 50 श्रद्धालुओं को लेकर अमृतसर जा रही थी। नौशहरा पन्नूआं के पास अचानक एक मोटरसाइकिल सवार बस के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस डिवाइडर पार कर सड़क के दूसरी ओर पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बसों में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकालना शुरू किया। हादसे की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा बल और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए तरनतारन के सिविल सर्जन डॉ. संदीप धवन ने सिविल अस्पताल में आपातकालीन व्यवस्था लागू कर दी। सभी एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया और चिकित्सकों को तत्काल अस्पताल बुलाया गया।

योगी ने पुरजोर ढंग से हिन्दू ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के लिए यह प्रक्रिया जरूरी थी।

विपक्षी नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि आदित्यनाथ को धर्म-विशेष से जुड़े मतदाताओं के ये आंकड़े कैसे मिले? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने शायद ये आंकड़े विशेष रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने इस दावे को लोगों में डर फैलाने की कोशिश और एक साजिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दूसरे राज्यों के बाहरी लोगों को यूपी की मतदाता सूची में शामिल करने की तैयारी कर रही है।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने आदित्यनाथ को चुनौती दी कि वे उन मतदाताओं और निर्वाचन क्षेत्रों के नाम बताएं, जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने भी चुनाव आयोग से इन इन आंकड़ों, और नामों को हटाए जाने के मामले में चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर नजर रखने वाले लोग इस घटनाक्रम को आदित्यनाथ और मोदी-शाह के केन्द्रीय नेतृत्व के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव से जोड़कर देख रहे हैं। सन् 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राज्य में हिंदू मतदाताओं के संभावित नुकसान का मुद्दा उठाकर, आदित्यनाथ संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करने और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही, अगर चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहते हैं, तो वे खुद को सुरक्षित रखने की स्थिति भी बना रहे हैं। इसके साथ ही, वे एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव का जवाब भी दे रहे हैं। इस बीच, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नामों को पूरी तरह से हटाए जाने की बात को कम करके आंका है। उनका कहना है कि मतदाता अभी भी सूची में मौजूद हैं।

यह घटनाक्रम दिखाता है कि उत्तर प्रदेश की अत्यधिक महत्वपूर्ण राजनीतिक लड़ाई में मतदाता सूची की शुद्धता किस तरह एक बड़े विवाद का मुद्दा बन गई है।

पर्यावरण मंत्री ने एनसीआर के 191 उद्योगों को तत्काल सील करने के निर्देश दिये

इन उद्योगों ने अभी तक वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है

- केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चेतावनी दी कि 30 नवंबर तक एएनपीआर कैमरे नहीं लगाने पर संबंधित परिवहन विभाग अधिकारी के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही की जायेगी।

नई दिल्ली, 14 नवंबर। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए 191 प्रदूषणकारी उद्योगों को तत्काल सील करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि 30 नवंबर तक एएनपीआर कैमरे नहीं लगाने पर परिवहन विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा की गई। इस दौरान यादव ने राज्यों को योजनाओं से आगे बढ़ कर समयबद्ध और समन्वित तरीके से जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में हरियाणा के सात, उत्तर प्रदेश के चार और राजस्थान के चार शहरों के लिए सचिव स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने को कहा गया। ये अधिकारी मैदानी निरीक्षण कर हर सप्ताह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को रिपोर्ट देंगे। आयोग से काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने को कहा गया है।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उन 191 उद्योगों को तत्काल सील करने का निर्देश दिया, जिन्होंने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने के लिए अब तक आदेश तक नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क धूल नियंत्रण के तहत 5,480 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 3,221 किलोमीटर का काम पूरा हुआ है। उन्होंने सड़क सफाई मशीनों को दो पालियों में चलाने, एनसीआर के 233 जाम वाले स्थानों पर सुधारात्मक कदम उठाने और दिल्ली की सीमा पर 154 प्रवेश बिंदुओं पर 31 दिसंबर तक मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लगाने के निर्देश दिए। वाहन प्रदूषण रोकने के लिए 2028 तक पुराने ट्रकों और बसों को बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की परिवर्तन योजना में तेजी लाने को कहा गया। औद्योगिक प्रदूषण के संबंध में बताया गया कि लक्षित 2,345 उद्योगों में से 2,298 को ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली से जोड़ा जा चुका है। शेष 47 इकाइयां बंद या सील कर दी गई हैं।

असम : 20 किलो नशीली गोलियां जब्त

नई दिल्ली, 14 नवंबर। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने असम के कछार जिले में एक टिपर ट्रक से 20 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। नशीले पदार्थों को ट्रक के दाहिने हिस्से के पैनल में विशेष रूप से बनाई गई गुप्त जगह में छिपाया गया था। इस मामले में ट्रक में सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, डीआरआई ने असम राइफल्स की 38वीं बटालियन के जवानों के साथ संयुक्त अभियान में 12 नवंबर को बोरखोला के पास खुफिया सूचना के आधार पर टाटा टिपर ट्रक को रोका। ट्रक की विस्तृत जांच के दौरान एक मैकेनिक की मदद से उसके दाहिने साइड पैनल के ऊपरी भीतरी हिस्से में बनाई गई गुप्त जगह का पता चला। कटिंग और वेल्डिंग के निशान को सीमेंट और पेंट से छिपाया गया था।

गुप्त जगह खोलने पर गुलाबी-नारंगी रंग की गोलियों के 32 पैकेट मिले। इनमें 17 पैकेट एक-एक किलोग्राम और 15 पैकेट 200-200 ग्राम के थे। एनडीपीएस फील्ड डिटेक्शन किट से किए गए शुरुआती परीक्षण में नमूनों में एम्फेटामाइन की मौजूदगी के संकेत मिले।

ट्रंप, पुतिन व जिनपिंग की पहली त्रिपक्षीय बैठक चीन में होगी

इस बैठक में विश्व में परमाणु हथियारों पर नियंत्रण मुख्य मुद्दा होगा

- अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार इस बैठक का मकसद परमाणु हथियारों की संख्या कम करने की दिशा में बातचीत शुरू करना है। पहली मुलाकात में किसी समझौते की उम्मीद नहीं है।

नई दिल्ली, 14 नवंबर। दुनिया की तीन बड़ी ताकतों, अमेरिका, रूस और चीन के नेता एक ही मेज पर बैठने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले गुरुवार को चीन के शेनझेन में मुलाकात करेंगे। यह तीनों देशों के नेताओं की पहली त्रिपक्षीय बैठक होगी। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होने वाली इस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा परमाणु हथियारों पर नियंत्रण को लेकर होने की उम्मीद है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान और उत्तर कोरिया का मुद्दा भी उठ सकता है।

इस बैठक का मकसद दुनिया में परमाणु हथियारों की संख्या कम करने की दिशा में बातचीत शुरू करना है। अमेरिका चाहता है कि दुनिया की बड़ी ताकतें अपने परमाणु हथियारों का जखीरा घटाने पर गंभीरता से विचार करें। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने साफ किया है कि इस पहली मुलाकात में किसी समझौते की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसे आगे की बातचीत की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है।

इस बातचीत का मकसद चीन को परमाणु हथियार बढ़ाने से रोकना है। वाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, चीन का परमाणु हथियारों का जखीरा दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। अमेरिका चाहता है कि चीन भी परमाणु हथियारों पर नियंत्रण को लेकर रूस और अमेरिका के साथ बातचीत करे। अधिकारी ने कहा कि चीन जिस तरह अपने परमाणु हथियारों से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखता है, उसका असर पूरी दुनिया की सुरक्षा पर पड़ता है।

ऐसे में चीन को भी इस मुद्दे पर खुलकर बात करनी चाहिए। रूस का परमाणु हथियारों पर बातचीत का पुराना अनुभव है। सोवियत संघ के समय से ही रूस इस तरह की चर्चाओं में शामिल रहा है। इसलिए अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि रूस इस बातचीत में ज्यादा सहज रहेगा। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल से ही दुनिया के परमाणु हथियारों का जखीरा कम करने के लिए एक बड़े समझौते की बात करते रहे हैं। उनका तर्क है कि दुनिया को कई बार खत्म करने की ताकत रखने वाले हथियारों को बनाए रखना बहुत महंगा है।

परमाणु हथियारों के अलावा ट्रंप चीन के साथ हुए व्यापार समझौते पर भी बात कर सकते हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, पिछले साल दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव कम करने के लिए एक सहमति बनी थी। लेकिन अमेरिका का आरोप है कि चीन उस पर पूरी तरह अमल नहीं कर रहा है। खास तौर पर रेयर अर्थ मिनरल्स की सप्लाई को लेकर अमेरिका संतुष्ट नहीं है। इन खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, इलेक्ट्रिक गाड़ियों और कई तरह की आधुनिक तकनीक बनाने में होता है।

पाकिस्तान के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए प्रतिबद्ध है। भारत की पहल पर आयोजित हो रहे इस मंच का उद्देश्य यूरेशियाई क्षेत्र के देशों के बीच सांस्कृतिक समझ और लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देना है, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान समेत, एससीओ के सभी 10 सदस्य देशों को आधिकारिक निमंत्रण भेजा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908